हाथ जोड़ कर मांगता हूं ऐसा हो जनम

हाथ जोड़ कर मांगता हूं, ऐसा हो जनम,
तेरे नाम से शुरू, तेरे नाम पे खत्म

तेरे चलते बनी मेरी पहचान सावरे,
वरना गली गली में घूमते, हम बनके बावरे,
तेरी रहो में उठेगा जो मेरा हर कदम,
तेरे नाम से शुरू........

जाने अनजाने में ऐसा एक काम हो गया,
मेरी जिंदगी का मालिक मेरा श्याम हो गया,
वरना इतने भी बुरे न थे अपने करम,
तेरे नाम से शुरू........

कैसे भूलू करी जो तूने मेहरबानियां,
इक अनजाने के वास्ते, क्या क्या नही किया,
श्याम गायेगा गुण जब तक तेरे दम में हे दम,
तेरे नाम से शुरू........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21237/title/hath-jod-kar-mangta-hu-aisa-ho-janam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |